

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

हिन्दी मासिक जोधपुर

# माली सैनी सन्देश

वर्ष: 19 अंक : 228 30 सितबंर, 2024 मूल्य : 30/-प्रति



# अजमेर प्रतिभा सम्मान समारोह की झलकियां






















## माली सैनी संदेश पत्रिका के सम्मानीय संरक्षक सदस्यण


जस्टिस श्रीमान देवेन्द्र कच्छवाह
(पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाईकोर्ट)



एडवोकेट श्रीमान पुरूषोत्तम सोलंकी
(समाजसेवी, बाड़मेर)


श्रीमान नरेन्द्रसिंह गहलोत
(पर्यावरणविद्, समाजसेवी, जोधपुर)


श्रीमान रघुभाई देवड़ा
(भामाशाह - समाजसेवी, सिरोही)


श्रीमान इंजि. जुगल किशोर भाटी
(भेल इण्डिया, भोपाल)


श्रीमान नरपत सिंह सांखला
(बिल्डर्स/समाजसेवी)


श्रीमान संतोक सिंह गहलोत
(व्यवसायी/समाजसेवी)


श्रीमान तारासिंह सांखला
(व्यवसायी/समाजसेवी)

### संपादक की कलम से...

# प्रेम जीवन का महामंत्र ...

प्रेम में मांगा कुछ नहीं जाता प्रेम में दिया जाता है और परमात्मा से प्रेम तो एक तरफा प्रेम होता है। एक बार की बात है, एक आदमी मर कर नरक चला गया उसने देखा कि नरक में कोई आग बाग नहीं है। उसने कहा कि मध्य लोक में पोंगा पंडितों ने बड़ी दुकानदारी चला रखी हैं, मंदिरों में बैठकर दुनिया को मूर्ख बनाते है कि स्वर्ग में अमृत बरसता है तथा नरक में आग बरसती है। बड़े बड़े कड़ाहे उबलते हैं तेल के। खून की नदियाँ बहती है। लोहे के गर्म गर्म खंभों से चिपकाया जाता है। यहाँ तो ऐसा कुछ भी नहीं है, न आग है और न कड़ाही है। बहुत मूर्ख बनाया पंडितों ने, नरकों के बड़े बड़े नक्शे टांग दिये मंदिरों में। साधू संतों ने भी खूब लोगों को डराया है। खूब दुकान चलाई अपनी यहाँ तो कोई आग नहीं जल रही है।

लाखों करोड़ों का मैंने नरक के डर से दान कर दिया, फिर भी नर्क आ गया। कहाँ है यहाँ आग। इतने में नरक से आवाज आई कि भाई यहाँ कोई आग नहीं जलती और ना ही यहाँ पेट्रोल और माचिस है जिससे जलाया जा सके। यहाँ आने वाला प्रत्येक व्यक्ति अपनी अपनी आग स्वयं अपने साथ लाता है। और तुम यहाँ जिस आग में जलोगे, वो आग जलती हुई नहीं मिलेगी और ना ही दूसरों के द्वारा जलाई जायेगी।

वह आग तो हमारे द्वारा पैदा होगी और वह आग है ईर्ष्या की आग, द्वेष की आग, छल कपट की, बेईमानी की आग, जो तुम अपने साथ लेकर आये हो, अब जलते रहो अपनी लगाई हुई आग में। ये आग वो आग है जो नरकों में ही जले जरूरी नहीं। इस आग में हम आज भी अपने घरों में जल रहे हैं। ये ईर्ष्या व द्वेष की आग में हम आज अपने घर से लगाना शुरू करते हैं और वह इतनी प्रचंड हो जाती हैं कि हमारा परिवार ही नहीं समाज, राष्ट्र, धर्म सभी जल कर खाक हो जाते हैं ईर्ष्या और द्वेष की यह आग तुम्हारे घर में नरक का निर्माण करती है। और जब कभी तुम मंदिर या सत्संग में चले जाते हो, तो थोड़ी देर के लिये नरक कुण्ड से निकलकर स्वर्ग में पहुंच जाते हो जहाँ ईर्ष्या व द्वेष नहीं होता, प्रेम रूपी अमृत का झरना बहता है।



**मनीष गहलोत**
संपादक


''बैर की भावनाओं का संहार कर,
मित्रता के लिये मित्रवत् प्यार कर।
चाहता है अगर तू सरल जिंदगी,
तो सरल से सरल अपना व्यवहार कर।।

**जाति समाज से करें प्यार, सुनो भाई जीवणा दिन चार, जो नहीं करता समाज से प्यार, तो समझो उसका जीवन है बेकार।**
**समाज सेवा है बड़ी हितकारी, मिलकर कदम बढ़ाओ, नर हो या नारी हमारे समाज का सुखी हो हर परिवार**
**विनती करता है माली सैनी संदेश परिवार बारम्बार।**

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रंसगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

## 'फुले' में सावित्रीबाई प्ले करना बड़ी जिम्मेदारी थी, 'IC 814' की शूटिंग में मिला कभी न भूलने वाला अनुभवः पत्रलेखा

**एक्ट्रेस पत्रलेखा हाल ही में अपनी वेब सीरीज 'IC 814 कंधार हाईजैकर की रिलीज के बाद सुर्खियों में हैं। इसके बाद वह अपनी अगली फिल्म 'फुले' की तैयारी कर रही हैं, जो अगले साल रिलीज होगी। इस बायोपिक में वह सावित्रीबाई फुले का किरदार निभा रही हैं। उनसे दोनों प्रोजेक्ट्स को लेकर हुई खास बातचीत....**




मुंबई। 'फुले' की शूटिंग पूरी हो चुकी है। इसमें काम करने का अनुभव कैसा रहा? फुले एक बायोपिक है और इसमें सावित्री बाई फुले का किरदार निभाना मेरे लिए सम्मान की बात है। बहुत ही बेहतरीन अनुभव रहा। प्रतीक गांधी जैसे शानदार कलाकार के साथ काम करना बेहद खास था। महात्मा फुले और सावित्री बाई समाज सुधारक थे, उनका सोचने का तरीका हमारे आज के समाज से कहीं आगे था। उन्होंने देश बच्चों और खासकर लड़कियों के लिए जो काम किया, वह बहुत प्रेरणादायक है। इस फिल्म से मुझे बहुत ताकत मिली।

**आपको सावित्रीबाई फुले का किरदार निभाने का मौका मिला. कैसा लगा?** यह मेरे लिए गर्व का पल था। जब मैंने अपनी मां को बताया कि मुझे सावित्रीबाई का रोल मिला है, तो वह सबसे ज्यादा खुश हुई। यह किरदार निभाना मेरे लिए बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि उनके बारे में हम बचपन से पढ़ते आ रहे हैं। इस किरदार के बारे में काफी कुछ लिखा गया है लेकिन उनकी शख्सियत को समझना अलग बात है। अनंत महादेवन जो हमारे डायरेक्टर है, उन्होंने बहुत ही सादगी और प्यार से स्क्रिप्ट लिखी। हमने रोडिंग और रिसर्च के लिए काफी समय लगाया। पूरी टीम के साथ बैठकर हर पहलू पर गहराई से विचार किया।

**इस फिल्म से मेकर्स और आप क्या संदेश देना चाहते हैं?**

सबसे बड़ा संदेश यह है कि सावित्रीबाई और ज्योतिराव फुले की कहानी हर किसी तक पहुंचनी चाहिए। महाराष्ट्र और गोवा में लोग उन्हें जानते हैं लेकिन मुझे नहीं लगता कि नार्थ ईस्ट या तमिलनाडु के बच्चे उनके बारे में जानते हैं। यह इतिहास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और मैं चाहती हूं कि यह हर बच्चे तक पहुंचे। उन्होंने जो विजन देखा, वह आज भी हमारे समाज को आगे ले जा सकता है, खासकर महिलाओं के लिए।

**'IC 814-' जैसी सीरीज के लिए तैयारी करना कितना चौलेंजिंग रहा?** यह काफी चौलेंजिंग था। खासकर राइटिंग लेवल पर इसके लिए मैंने मैने यूट्यूब पर काफी वीडियोज देखे और बहुत सारी डॉक्यूमेंट्रीज भी देखीं लेकिन आप चाहे कितना भी होमवर्क कर लें, जब तक आप सेट पर नहीं पहुंचते तब तक आपको सही अनुभव नहीं मिलता। सेट पर आपके को-एक्टर्स, कॉस्ट्यूम और स्पेस ही आपको सही मायने में किरदार में उतार देते हैं। बाको राइटर्स की ऐसी सीरीज की राइटिंग के वक्त बहुत रिसर्च करनी पड़ती है।

**घटना के बारे में रिसर्च करते हुए आपको क्या महसूस हुआ?** यह हमारे देश के इतिहास के सबसे काले पलों में से एक था। जिसने भी इस घटना के बारे में सुना वह हिल गया। फ्लाइट में बैठे लोग जो कुछ झेल रहे थे, वो बहुत हो दर्दनाक था। फ्लाइट में सफर के दौरान एक स्पेस में बंद हो जाने जैसी फिलिंग आती है। ऐसे में उसमें 7 दिन बैठना बहुत मुश्किल था। खाना नहीं था, टॉयलेट्स ओवरफ्लो कर रहे थे। यह एक ऐसा भाव है जो शायद कभी भर नहीं सकता। इसकी शूटिंग के दौरान हमने भी ऐसा ही अनुभव किया।

**वेब सीरीज कंधार हाईजैक प्रोजेक्ट आपके पास आया, तो पहला रिएक्शन क्या था?** यह प्रोजेक्ट ऑफर नहीं हुआ था। मुझे पता चला कि अनुभव सिन्हा सर इस सीरीज पर काम कर रहे हैं। मैंने उन्हें कॉल किया और उनसे मिलने की इच्छा जाहिर की। मैं हमेशा से उनके साथ काम करना चाहती थी। छह-सात महीने तक में उन्हें कॉल करती रही। आखिरकार उन्होंने मुझे बुलाया और कहा- यह रोल है, यह स्क्रिप्ट है, पड़ लो। स्क्रिप्ट 200 पत्रों की थी लेकिन इतनी अच्छी तरह से लिखी थी कि हमनें इसे बहुत जल्दी खत्म कर दिया।

## माली नारी शक्तिः बेरी गंगा तीर्थ व गोशालाओं में किए सेवा कार्य




जोधपुर। माली नारी शक्ति की ओर से श्राद्ध पक्ष में बेरीगंगा तीर्थ स्थित गोशाला में गौ सेवा व वानर सेवा की गई । संस्थान की डॉ.निधी गहलोत और लक्ष्मी गहलोत ने बताया कि गायों को 2 क्विंटल जौ का घाट, लापसी और 1 हैक्टर हरा चारा खिलाया गया। वानरों को फल, चने गुड़ सहित अनेक व्यंजन खिलाए गए। बेरीगंगा में अनार, आंवला, अमरूद, शमी के पौधे भी लगाए गए। आयोजन में तेज कंवर, रघुबाला गहलोत, तरूणा चौहान, सुशीला चौहान, भगवती चौहान सहित अनेक महिलाएं शामिल हुई।







## दिल्ली में सैनी समाज की एकमात्र धरोहर

नई दिल्ली। दिल्ली की सबसे पुरानी सैनी को-ऑपरेटिव थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट सोसाइटी (लिमिटेड) की प्रबंध समिति का चुनाव 8 सितंबर 2024 दरियागंज में संपन्न हुए। इन चुनावों में हरीश सैनी पैनल भारी मतों से विजयी हुआ। हरीश सैनी, सतीश सैनी, राजेश कुमार सैनी, श्रीमती संध्या सैनी, श्रीमती बबीता सैनी, अमित सैनी, कुलदीप सैनी, नंदकिशोर सैनी, राजेश सैनी, राम सिंह सैनी, रतनलाल सैनी, रिनेश सैनी, संजय कुमार सैनी, शिवराज सैनी, सुभाष सैनी भामतों से विजयी हुए।

सभी विजयी समाज बंधुओं को हार्दिक बधाई।

# माली (सैनी) समाज (कर्नाटका) बेंगलुरु का दो दिवसीय कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न



बेंगलुरु। माली (सैनी) समाज (कर्नाटका) बेंगलुरु द्वारा दो दिवसीय कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बेल्लार रोड,पैलेस ग्राउंड, गेट न.6 स्थित ग्रांड कैस्टल में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। पहले दिन भगवान कृष्ण की पूजा, अर्चना, आरती, कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन हुआ, इस अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें शोभा माली एवं कैलाश माली,जोधपुर ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी, कार्यक्रम में चढ़ावों की बोलियां बोली गई जिसमें उपस्थित समाज बन्धुओ ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। दूसरे दिन अतिथियों एवं भामाशाहो का माला, शॉल द्वारा अभिनन्दन किया गया तथा महाप्रसादी का आयोजन किया, इस अवसर पर प्रतिभावान विद्यार्थियों का माली (सैनी) युवा संगठन (कर्नाटका) बेंगलुरु द्वारा मोमेंटो ओर उपहार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आये सभी समाज बन्धुओ का समाज के अध्यक्ष सज्जनराज सांखला ने स्वागत किया गया, कार्यक्रम मे समाज के भूतपूर्व संरक्षक समुद्रसिंह भाटी का भी भावभीना अभिनन्दन किया गया। उपाध्यक्ष उदयराम परमार, मंत्री प्रकाशचन्द तंवर, सह मंत्री सोहनलाल सांखला, कोषाध्यक्ष कालूराम बागड़ी, सह कोषाध्यक्ष थानाराम भाटी, प्रचार प्रसार मंत्री रुपेश सोलंकी, सांस्कृतिक मंत्री उत्तमचंद पँवार, सह सांस्कृतिक मंत्री कानाराम पालड़िया, संगठन मंत्री जगदीश चौहान, सह संगठन मंत्री शैतानराम दगदी, कार्यकारिणी सदस्य सम्पतराम भाटी, गुलाबचंद सुंदेशा, जबराराम सोलंकी, ओगडराम चौहान, अशोक सुंदेशा, ईश्वरलाल सुंदेशा, रूपाराम भाटी, चेतनप्रकाश चौहान, पुखराज पालड़िया, श्रवण भाटी, ईराराम परिहार, मंदिर एवं भवन निर्माण कमेटी के सदस्य मोहनलाल गोयल, रुघाराम सांखला, नगीन चौहान, वरदीचंद देवड़ा, कालूराम दगदी टाक, दलाराम सांखला, सुखराज चौहान, हापुराम चौहान,सुगनचंद चौहान,दिनेश चौहान उपस्थित रहे । कार्यक्रम में माली (सैनी) समाज बेंगलुरु के सभी संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे । कार्यक्रम में माली (सैनी) युवा संगठन (कर्नाटका) बेंगलुरु के अध्यक्ष पवन भाटी,उपाध्यक्ष जुगलकिशोर पँवार, महेश चौहान, सुरेश चौहान, भूपेंद्र बागड़ी, प्रकाश चौहान, महेंद्र बागड़ी, नन्दकिशोर सोलंकी, अशोक परिहार, विजय सांखला, राकेश चौहान, राजेंद्र चौहान सहित सभी युवा साथियों ने कार्यक्रम में अपनी सेवा प्रदान की । कार्यक्रम का सफल संचालन शैतानसिंह राजपुरोहित, मारवाड़ जंक्शन एवं रुपेश सोलंकी कलापुरा ने किया।









माली सैनी समाज का राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह एक दिसंबर को वेबसाइट, प्रचार सामग्री का विमोचन व आवेदन प्रक्रिया शुरू

संत शिरोमणि श्री लिखमीदास महाराज स्मारक विकास संस्थान, अमरपुरा- नागौर

# ऑनलाइन होगी आवेदन प्रक्रिया प्रतिभा मंजूषा का होगा प्रकाशन

नागौर। संत शिरोमणि श्री लिखमीदास महाराज स्मारक विकास संस्थान, अमरपुरा- नागौर के तत्वावधान में माली सैनी समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित होगा।

राज्यसभा सांसद व संस्थान के अध्यक्ष राजेंद्र गहलोत तथा संस्थान की कार्यकारिणी द्वारा लिए गए प्रस्ताव की अनुपालना में यह कार्यक्रम आयोजित होगा। 1 से 5 दिसंबर तक आयोजित होने वाले भव्य स्मारक स्थल व देव मंदिर के लोकार्पण के सातवें पाटोत्सव के उपलक्ष में यह कार्यक्रम आयोजित होगा। संस्थान के सचिव राधाकिशन तंवर व सचिव हरिश्चंद्र देवड़ा ने बताया कि संस्थान परिसर में आयोजित इस विमोचन कार्यक्रम के साथ ही आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई।

संस्थान की वेबसाइट https://sldamarpura-in/ के माध्यम से होने वाली यह आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। संस्थान के कोषाध्यक्ष कमल भाटी के मार्गदर्शन में बनी इस वेबसाइट का निर्माण वेब इंनियर जयकिशन सोलंकी के साथ इस प्रतिभा सम्मान समारोह की कार्यालय टीम के रूपचंद टाक, टीकमचंद कच्छावा, मांगीलाल गहलोत, राधेश्याम टाक, कानाराम सांखला व रामेश्वर माली के द्वारा किया गया। आवेदन, प्रतिभा के आधार सत्र 2023- 24 के अनुसार होंगे । नवनियुक्त कर्मचाभी होंगे सम्मानित इस प्रतिभा सम्मान समारोह के निमित्त ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 1 नवंबर या किसी भी प्रतिभा श्रेणी में निर्धारित आवेदन संख्या तक रखी गई है। इसके तहत कक्षा 10 व कक्षा 12 के विज्ञान व कृषि संकाय में 90 प्रतिशत व कला तथा वाणिज्य संकाय में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी बंधु सम्मानित होंगे जबकि विज्ञान, कृषि व तकनीकी विषय में 75 प्रतिशत अंक प्राप्त स्नातक तथा कला व वाणिज्य वर्ग में 70 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने वाले स्नातक विद्यार्थी सम्मानित होंगे।

अधिस्नातक में विज्ञान व तकनीकी संवर्ग के लिए 70 व कला तथा वाणिज्य अधिस्नातक के लिए 65 प्रतिशत अंक निर्धारित किए हैं। इसी प्रकार एमबीबीएस करने वाले, नेट, जेआरएफ, आईआईटी, आईआईएम व सीए उत्तीर्ण विद्यार्थी भी कार्यक्रम में सम्मानित होंगे। केंद्र, राज्य सेवा व अर्द शासकीय बोर्ड, बैंक में चयनित समाज बंधुओं का भी इस कार्यक्रम में सम्मान किया जाएगा जबकि राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले या राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सहभागी विद्यार्थी बंधुओं का भी सम्मान किया जाएगा। कक्षा 10 तथा कक्षा 12, स्नातक व अधिस्नातक के दो-दो वर्गों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, रजत पदक व लघु रजत पदक से भी सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर राज्य स्तरीय प्रतिभा मंजूषा का भी प्रकाशन किया जाएगा। इस प्रतिभा मंजूषा में सम्मानित होने वाले सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों व नव चयनित कर्मचारियों का फोटो युक्त संपूर्ण विवरण भी प्रकाशित किया जाएगा। इसी प्रकार से जिला अनुसार सामाजिक सरोकारों से संबंधित व समाज के श्रेष्ठ कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं का विवरण भी इस प्रतिभा मंजूषा में प्रकाशन किया जाएगा। साथ ही गुरु पूर्णिमा पर संत शिरोमणि श्रीलिखमीदास महाराज की जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों का विवरण भी इस प्रतिभा मंजूषा में रहेगा।

# मारोठिया के अंतरर्राष्ट्रीय रैफरी बनने पर किया सम्मान

डीडवाना। डीडवाना क्षेत्र के सुरेश मारोठिया के अंतरर्राष्टीय रैफरी बनने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय खिलाडी विनोद मरोठिया ने जानकादेते हुए बताया कि बास्केटबॉल के राष्ट्रीय खिलाडी शारीरिक शिक्षक सुरेश कुमार मरोठिया के बास्केटबॉल में अंतरर्राष्ट्रीय रेफबनने के उपलक्ष में सैनी स्पोर्ट्स क्लब व नागौर जिला शूटिंग बॉल एसोसिएशन द्वारा परमानंद सैनी छात्रावास गाढा बास डीडवाना में स्वागत व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान खिलाड़ियों द्वारा मारोठिया को माला, साफा, दुपटा भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर मारोठिया ने युवाओं को खेल व शिक्षा के माध्यम से राष्ट्रीय व अंतरर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचकर अपना, देश, समाज, परिवार का नाम रोशन करने का आव्हान किया। इस दौरान वरिष्ठ खिलाडी गोविंद राम सांखला, शूटिंग बॉल एसोसिएशन के पूर्व जिला महासचिव शिवकुमार शर्मा, राष्ट्रीय खिलाडी प्रेम रतन सांखला, श्याम कुमार शर्मा,शिक्षाविद रामगोपाल टाक, रेखाराम सांखला,बजरंग टाक, रामसिंह टाक, परशाराम, भंवरसिंह, अज खान, पवन चौहान, संदीप पूनिया, विनोद मारोठिया, रमेश भाटी, रोहित, घनश्याम सहित अनेक लोग उपस्थित रहें।



# राजधानी में सम्पूर्ण प्रदेश की प्रतिभाओ का सम्मान







भोपाल। फूल माली समाज भोपाल क्षेत्र राधा कृष्ण मंदिर ट्रस्ट व समाज के अध्यक्ष हरिनारायण माली की अध्यक्षता मे प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन संपन्न हुआ,जिसमें प्रदेश भर के समाज बंधु सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के विधायक अतीक अकील, विश्वास सारंग, मंत्री म प्र शासन, शिवि शर्मा आदि राजनेता भी शामिल हुए एवं छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

वहीं समाज के वरिष्ठ बंधुओं को भी सम्मानित किया गया तथा पी माली पूर्व अपर कलेक्टर व श्रीमती शांति माली महिला अध्यक्ष ने विश्वास सारंग मंत्री म प्र शासन का माला पहनाकर एवं गुलदस्ता भेट कर स्वागत किया। फूल माली समाज क्षेत्र भोपाल को कार्यक्रम की सफलता के लिए अखिल भारतीय माली सैनी सभा मध्य प्रदेश एवं संयुक्त माली सैनी मरार समाज भोपाल म प्र की ओर से सभी का आभार एवं सभी स्टूडेंट्स को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

## ऑस्कर में नामित फिल्म के लिए समाजसेवी गजानंद भाटी को फिल्म अभिनेता आमिर खान द्वारा सम्मान

भोपाल। आप सभी को एक खबर सुनकर हैरानी होगी कि हमारे सबके प्रिय मारवाड़ी माली महासभा के प्रदेश अध्यक्ष गजानंद भाटी ने समाज सेवा के साथ साथ सिनेमा जगत में भी काम किया है। उन्होंने किरण राव और अभिनेता आमिर खान द्वारा निर्देशित ''लापता लेडीज'' में छोटे सा रोल जौहरी का किया है, ये फिल्म अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आस्कर अवार्ड के लिए नामांकित हुई है। इस अवसर पर आमिर खान प्रोडक्शन द्वारा अपने कलाकारों का सम्मान 29 सितंबर को मुंबई में करने का निर्णय लिया गया।

गजानंद भाटी का भी 29 सितंबर को सम्मान किया जायेगा।ये हमारे समाज के लिए गर्व की बात है। इस उपलब्धि के लिए भाटी जी को शुभकामनाएं और बधाइयां प्रेषित करते है। यहां यह भी उल्लेखनीय है, कि भाटी ने प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक प्रकाश झा की फिल्म ''जय गंगाजल'' और ''चक्रव्यूह'' में एवम टीवी सीरियल ''एक दूजे के वास्ते'' तथा लघु फिल्म ''पत्र वितरक '' में भी अभिनय कर चुके है।



## खतौली में सैनी समाज के मेधावियों का सम्मान



खतौली। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में सूर्यवंशी सैनी युवा समिति ने मेधावी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समाज के 100 मेधावी छात्र-छात्राओ को पुरस्कृत किया गया। पूर्व विधायक विक्रम सैनी ने कहा। कि समाज जातियों मे बंट रहा है। समाज को एकजुट होने की आवश्यकता है। समाज को जातियों में न बंट कर हिंदुत्व पर चलना होगा।

टी रोड़ स्थित एक बैंक्वेट हाल में आयोजित सम्मान समारोह में वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा के बिना समाज का उत्थान संभव नही है। समाज को संगठित होकर समाज और देश हित के कार्य करने होंगे। बच्चों का उच्च संस्कारित शिक्षा दिलाए जाने पर बल दिया गया। इसके अलावा समाज के युवाओं को नशे से दूर रहने का भी आहवान किया गया। इस दौरान समाज के 100 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह एंव प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि भारतीय किसान यूनियन (क्रांति) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास सिंह सैनी, भागीरथ दिव्यांग सेवा संस्थान के संस्थापक पहलसिंह सैनी, फलावदा के चेयरमैन अशोक सैनी, सुमन सैनी, शालु सैनी, सुभाष सैनी, सतेन्द्र सैनी, रामकुमार सैनी ने विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता चौधबनारसी सैने ने की। सूर्यवंशी सैनी युवा समिति के संस्थापक अनुज सैनी समेत अन्य पदाधिकाशामिल हुए।

**केशव प्रसाद मौर्य ने युवाओं को किया प्रोत्साहितः** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समारोह के दौरान मोबाइल माध्यम से अपना संदेश दिया। उन्होने कहा कि अगली बार खतौली में जरूर आउंगा। उन्होने मेधावी छात्र-छात्रओं को अपना आशीर्वाद देते हुए आगे बढ़ने तथा लोगों से समाज और देश हित में कार्य करने की अपील की।

# माता सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय शिक्षा मिशन कार्यालय पर 1008 अंतर्राष्ट्रीय महामंडलेशवर साध्वी सविता जमुना दास

उ. प्र.। राष्ट्रीय अध्यक्ष साध्वी प्रकोष्ठ राष्ट्रीय संत सुरक्षा परिषद का आगमन कार्यालय में हुआ उनके विचार सुनने और संस्था के सभी पदाधिकारियों के बीच में बैठकर कुछ धार्मिक बातें हुई महाराजा भागीरथ बिंदु स्थान के उद्धार के लिए विशेष चर्चा हुई संस्था के प्रदेश अध्यक्ष ने माता गंगा की खंडित होती पवित्रता के लिए दुख व्यक्त किया और उन्होंने कहा अगर इसी तरह से गंगा माता में दूषित जल का प्रवाह होता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब गंगा माता इलाहाबाद की तरह और दिल्ली में जमुना की तरह विलुप्त हो जाएगी एक गंदी नदी का रूप ले लेगी गंगा माता का अस्तित्व खतरे में है उसको बचाने के लिए सभी संतों मंहतों व सनातन प्रेमियों का आह्वान करते है इसी सभा में बोलते हुए आचार्य प्राणनाथ माता सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय शिक्षा मिशन सुप्रीमो ने माता गंगा को धरती पर अवतरित करने वाले महादानी महाराजा भागीरथ के विषय में चर्चा करते हुए बताया कि महाराजा भागीरथ ने कैसे पहले हरि विष्णु की तपस्या की फिर ब्रह्मा देव की तपस्या की फिर देवादी देव महादेव की तपस्या की तब जाकर गंगा माता को धरती पर लाए और आज महाराजा भागीरथ का नाम खतरे में है उनका अस्तित्व खतरे में है शासन प्रशासन ने शिक्षा विभाग ने स्कूलों की किताबों से तो उनका चैप्टर हटा ही दिया है लेकिन गोमुख से गंगासागर तक कहीं भी महाराजा भागीरथ को वह पहचान नहीं दी है जिससे आने वाले समय में लोगों को यह पता चल सके गंगा को कौन और कैसे धरती पर लाया था गंगा का और महाराजा भागीरथ का क्या रिश्ता है और क्या अस्तित्व हैं। आचार्य प्राणनाथ ने कहा कि अगर यही हाल रहा तो माता सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय शिक्षा मिशन इसके लिए विरोध प्रदर्शन भी कर सकती है सरकार को चेताने के लिए जो संभव होगा वह हर प्रयास करेंगे हरिद्वार स्थित भूपतवाला में भागीरथ बिंदु के जीर्णोद्धार के लिए पिछले कई सालों से माता सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय शिक्षा मिशन संघर्ष कर रही है और आगे भी करती रहेगी साध्वी सविता जमुना दास राष्ट्रीय अध्यक्ष साध्वी प्रकोष्ठ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा है कि अब यह जंग सिर्फ माता सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय शिक्षा मिशन की ही नहीं है अब यह जंग हम संतों की है क्योंकि महाराजा भागीरथ राजा होने के साथ-साथ एक महान संत भी हुए हैं और मां गंगा पाप नासनी मोक्षदायिनी इस चराचर में विचरण करने वाले हर एक की मां है सभी को उसके लिए संघर्ष करना पड़ेगा और मैं समस्त संतो मंहतों से इस बारे में सभी मठाधीशों से विचार विमर्श करके इस आंदोलन का हिस्सा बनना चाहूंगी और महाराजा भागीरथ के खोते हुए सम्मान को बचाने के लिए हम हर वह संभव प्रयास करेंगे जो उचित होगा मां गंगा को प्रदूषण मुक्त करने के लिए हम शासन प्रशासन से मांग करेंगे की या तो मां गंगा में दूषित जल का आना बंद हो नहीं तो हमें कुछ और रास्ता भी अपनाना पड़ेगा और हम उसके लिए पीछे नहीं हटेंगे हरिद्वार और ऋषिकेश के बारे में बोलते हुए साध्वी ने कहा कि हरिद्वार और ऋषिकेश एक दुनिया का वह केंद्र है जहां दुनिया भर से लोग आस्था और श्रद्धा के डुबकी लगाने के लिए आते हैं लेकिन यहां प्रशासन प्रशासन ने मां गंगा को दूषित करने में कोई कमी नहीं छोड़ रखी है हर होटल का हर आश्रम का हर कॉलोनी का गंदा पानी तक भी गंगा में ही



बहा जा रहा है जिसे हजारों करोड़ों लोग आचामंन करते हैं श्रद्धा की डुबकी लगाते हैं उसे पवित्र गंगाजल में उत्तराखंड सरकार गंदे पानी का प्रवाह कर रही है यह विचारणीय है निंदनीय है हम इसकी निंदा करते हैं और इसके लिए संघर्ष भी करेंगे के कार्यालय पर विशेष उपस्थिति रही माता सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय शिक्षा मिशन के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र सैनी, प्रदेश कोषाध्यक्ष सुबोध सैनी, जिला अध्यक्ष सिकंदर सैनी (आचार्य प्राणनाथ), डॉक्टर राजेश सैनी (कार्यालय प्रबंधन), अमित कुमार, जिला उपाध्यक्ष विशेष सैनी, नीतू पांचाल (जिला उपाध्यक्ष), नीटू पांचाल( जिला मंत्री), पंकज सैनी( जिला मंत्री), डॉक्टर राज सैनी (प्रदेश मंत्री), रविंद्र शर्मा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए किया वृक्षारोपण



वृक्षारोपण

जोधपुर। श्री सैनिक क्षत्रिय पूंजला नाडी सरंक्षण एंव पर्यावरण विकास संस्थान द्वारा पूंजला नाडी में पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण किया गया।

संस्था के अध्यक्ष जगदीश देवड़ा ने बताया कि मुख्य अतिथि समाजसेवी एंव पर्यावरण प्रेमी मनीष गहलोत, विकास टाक, राजीव गहलोत ने पूंजला नाडी प्रांगण में कई प्रकार के फलदार वृक्षों को लगाकर पर्यावरण संरक्षण में वृक्षों की महत्ता के बारे में बताया। इस दौरान कल्पवृक्ष, कदम एवं भिन्न- भिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में युधिष्ठर सिंह गहलोत, बलवीर गहलोत, अर्जुनसिंह गहलोत, भागीरथ परिहार, जितेन्द्र गहलोत, नरपत गहलोत, लुम्बाराम देवड़ा, झुमरलाल देवड़ा, लिखमाराम सुथार, कानाराम आदि ने सहयोग किया।

# सैनी(माली) समाज कर्मचारी-अधिकारी विकास संस्था का जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान एंव स्नेह मिलन समारोह सम्पन्न

## समाज के विकास में अधिकारी कर्मचारियों का योगदान अहम् होता है- डॉ.जी.एल. वर्मा

## माली एकता जिन्दाबाद के नारों से गूंजा पांडाल





झालावाड़। सैनी(माली) समाज कर्मचारी और अधिकारी विकास संस्था राजस्थान की शाखा झालावाड़ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान एंव स्नेह मिलन समारोह रविवार को आयोजित किया गया इस समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य मेडिकल कॉलेज कोटा डॉ.जी.एल.वर्मा ने अपने सम्बोधन में कहाकि समाज के विकास में कर्मचारी व अधिकारीयों का योगदान अहम होता है। बुद्धिजीवी वर्ग समाज के हर तक के लिए कार्य करे तो महात्मा ज्योतिबा फुले व मां सावित्री बाई फुले के सपने का साकार होगें समाज में सुधार के लिए कर्मचारी व अधिकारी कदम से कदम मिलाकर कार्य करके तब जाकर समाज के हर वर्ग आगे बढेगा साथ ही कई मंचासीन अतिथियों ने भी समाज सुधार एंव समाज हित के लिए सम्बोधन दिया है ।

**मंत्री गहलोत ने विडियों कॉल से सम्बोधित किया** झालावाड़ में सैनी(माली) समाज कर्मचारी और अधिकारी विकास संस्था राजस्थान की शाखा झालावाड़ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान एंव स्नेह मिलन समारोह को राजस्थान सरकार के केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने मोबाईल से विडियों कॉल से सभी को सम्बोधित करते हुए कहां कि आज कर्मचारियों से समाज को आगे लाने का कार्य किया है। वो एक सराहनीय प्रयास है। संस्था ने समाज को आगे लाने का कार्य किया है। जो एक अच्छा कदम साबित हो रहा है। इस प्रकार के आयोजन से समाज के हर वर्ग का सम्मानित कर श्रेष्ठ कार्य किया है। भविष्य में भी इसी प्रकार समाज हित के लिए कार्य करते रहने की प्रेरणा दी है।

**समाज की समारिका का विमोचन किया गया:** इस अवसर पर सभी अतिथियों ने विभिन्न क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों परिचय का कार्यक्षेत्र की जानकारी की पर प्रकाशित का विमोचन कर स्मारिका का वितरण किया गया।

**इनका किया सम्मान**- सैनी(माली) समाज कर्मचारी और अधिकारी विकास संस्था राजस्थान की शाखा का झालावाड़ में जिला स्तर पर पहली बार कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की कक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले जिले के छात्र-छात्राए केन्द्र सरकार व राज्य सरकार में विभिन्न विभागों में लगे नव नियुक्त कर्मचारी कर्मचारी व अधिकारी, विभिन्न विभागों में सेवानिवृत हुए कर्मचारी, महा विद्यालय, विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले छात्र-छात्रओं, खेलकूद, सांस्कृतिक, सामाजिक, सहित समाज की प्रतिभाओं को प्रमाण पत्र एंव शिल्ड देकर सम्मानित किया गया है। वहीं झालावाड़ जिले में 10 व 12 की बोर्ड परीक्षाओं में जिले में प्रथम व द्वितीय रहे छात्रों को गोल्ड व सिल्वर मेडल प्रदान किया गया है। समाज में विशेष योगदान देने वाले भामाशाहों व वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों का भी सम्मान किया गया है। माली सैनी समाज कर्मचारी और अधिकारी विकास संस्था के प्रदेश एवं विभिन्न जिलों के पदाधिकारियों का स्मृति चिन्ह दिया गया है इस प्रकार से संस्था द्वारा समाज के 250 से अधिक लोगों का सम्मानित किया है।

**समाज की प्रतिभाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए**- इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में समाज के कई छात्र व छात्राओं ने सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें भरतनाटयम, एकल नृत्य, राजस्थानी स्वागत गीत, सितारवादन, तबला बादन, बांसूरी सहित कई प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए इन प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया

**इनका रहा योगदान**- झालावाड़ में सैनी(माली) समाज कर्मचारी और अधिकारी विकास संस्था राजस्थान की शाखा झालावाड़ द्वारा आयोजित एंव स्नेह मिलन समारोह में जिला कार्यकारिणी के जिलाध्यक्ष डॉ. रामकिशन माली व उनकी पूरी टीम, तहसील खानपुर, झालरापाटन, बकानी, पिडावा, अकलेरा, मनोहरथाना, भवानीमण्डी आदि की तहसील कार्यकारिणी के सदस्यो व प्रदेश व जिलों की टीम के सदस्यों ने विशेष योगदान दिया। जिसके चलते कार्यक्रम सुबह:10.00 बजे से रात्रि 7.00 बजे तक चला जिसमें जिले के करीब 800 से अधिक कर्मचारियों व अधिकारी सहित अभिभावकों, भामाशाहों ने भाग लिया है। वहीं प्रदेश व विभिन्न जिले के करीब 100 से अधिक पदाधिकारियों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई है।

**ये रहे मंचासीन**-राजस्थान पैरामेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एंव कोटा मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ.जी.एल.वर्मा सैनी समाज कर्मचारी अधिकारी विकास संस्था राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष सुरेशचंद सैनी, रेलवे सेवा निवृत पुलिस महानिरीक्षक सुरेश चंद सैनी, समाज कल्याण बोर्ड की पूर्व सदस्य सीता भाटी, पूर्व जिला प्रमुख नंदलाल सुमन, राजस्थान युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष अशोक सैनी भादरा, संस्था के प्रदेश महासचिव मदनलाल सैनी संस्था के प्रदेश कोषाध्यक्ष सुशील कुमार तंवर, संस्था के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हनुमान प्रसाद सैनी, समाजसेवी डॉ.प्रेमचंद सुमन, गोलाना सरपंच रामजानकी बाई माली, समाजसेवी परमानंद सुमन,गजेन्द्र सैनी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भागचंद सैनी, राजूलाल सैनी सहित झालावाड़ जिले के अनेक जनप्रतिनिधि, संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी आदि कार्यक्रम में मंचासिन रहे है।

# तिरूपति में माली सैनी समाज ने श्री कृष्णा जन्मोत्सव मनाया




तिरूपति। तिरूपति माली सैनी समाज धर्मशाला ट्रस्ट के समाज प्रांगण में श्रीकृष्णा जन्माष्टमी महोत्सव विश्व विख्यात ब्रह्मऋषि आश्रम के सिद्धेश्वर गुरूदेव के सानिध्य में बड़े धूमधाम से मनाया गया।

माली सैनी समाज अध्यक्ष नेमीचंद गहलोत बोरूंदा ने बताया कि हैदराबाद, बैंगलोर, चैन्नई, विजयवाड़ा व तिरूपति के आसपास के राजस्थानी प्रवासी भाईयों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि राजस्थान आरसीए के पूर्व चेयरमैन वैभव गहलोत, तिरूपति विधायक आरणी श्रीनिवासलू, पूतलुपटू विधायक मुरली मोहन, सत्यवड़ विधायक कॉनेली, आदीमुलाम, हैदराबाद भाजपा कोषाध्यक्ष अविनाश देवड़ा, आंध्रप्रदेश भाजपा प्रवक्ता भानूप्रकाश रेड्डी, भाजपा प्रवक्ता समांची श्रीनिवासलू, तिरूपति भाजपा लोकसभा प्रत्यक्षी रिटायर आईएएस वरप्रसाद, टीडीपी जिला अध्यक्ष नर्सिमा यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष चद्रप्पा, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष श्यामचन्द गहलोत, जनसेना जिला अध्यक्ष डॉक्टर हरिप्रसाद, टीडीपी नेता मूबी देवनारायण साथ में पूरे दक्षिण भारत से माली सैनी समाज के अध्यक्ष व पदाधिकारी और सागर माली ग्रुप जोधपुर द्वारा रामेश्वर दाधीच ने भजनों की प्रस्तुति दी।

माली सैनी समाज कमेटी उपाध्यक्ष धर्माराम भाटी, संगठन सचिव श्रवण कुमार दग्दी, महासचिव रणवीर गहलोत, कोषाध्यक्ष प्रकाश टाक, सहसचिव चूतराराम सोलंकी, नोरतमल सांखला, चेन्नई माली सामज के अध्यक्ष पुनाराम सुन्देशा, आबुर माली सैनी समाज अध्यक्ष राजूराम भाटी, सामज सेवी राजेश सांखला, ललित कुमार मंडोरा, हैदराबाद से माली सैनी समाज अध्यक्ष सुरेश माली, समाज सेवी रामेदव दग्दी, चूतरारात गहलोत, महेन्द्र भाटी, घनश्याम टाक, शंकरलाल सोंलकी, छगन सुंदेशा,गोपाल सोलंकी, लक्ष्मण परमार, धमीचंद गहलोत, रतनलाल सोलंकी, गोविन्द सांखला, भाकरराम सहित समाज के कई सदस्यों ने भाग लिया।













# 15 लाख से हुआ महाराजा शूर सैनी चौक का सौंदर्यीकरण



गोहाना। पानीपत मार्ग पर पानीपत चुंगी पर स्थित महाराजा शूर सैनी चौक का नगर परिषद ने 15 लाख रूपए से सौंदर्यीकरण करवाया है। बुधवार को नगर परिषद की अध्यक्ष रंजनी इंद्रजीत विरमानी ने सौंदर्यीकृत चौक का रिबन काट कर लोकार्पण किया।

लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता वार्ड-10 की नगर पार्षद सुमन सैनी ने की। नगर परिषद ने गोहाना शहर में स्थित महापुरूषों की सभी प्रतिमाओं और उनके चौकों का अपने खर्च से सौदर्यीकरण करवाया है। इसी कड़ी में महाराजा शूर सैनी चौक को भी पूरी तरह से बदलते हुए नया लुक दे दिया गया है।

इस कार्य पर नगर परिषद ने 15 लाख रूपए खर्च किए हैं। नवीकृत चौक पानीपत चुंगी पर ड्रेन 8 के किनारे स्थित है। नगर परिषद की अध्यक्ष रजनी इंद्रजीत विरमानी के कहा कि महाराजा शूर सैनी ने अपने जीवनकाल में समाज को कर्म करने का संदेश दिया तथा उन्होने जनता को न्यायाप्रिय बनने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर इंद्रजीत विरमानी,रामसिंह सैनी, संजय सैनी, ललित सैनी, कृष्णा सैनी, सत्य नारायण सैनी, सुरेश सैनी, रामनिवास आर्य, सुंदर सैनी, सोमी सैनी आदि भी उपस्थित रहें।

# रामजी महाजन की 25वीं पुण्यतिथि मनाई

भोपाल। संयुक्त माली सैनी मरार समाज, भोपाल द्वारा 28-8-2024 दिन बुधवार को महात्मा फुले भवन, ई5,अरेरा कॉलोनी भोपाल मे राम महाजन, पूर्व मंत्री,म प्र शासन की 25वी पुण्यतिथि समाज के अध्यक्ष पी माली की अध्यक्षता मनाई गई। सर्वप्रथम अध्यक्ष पी माली द्वारा राम महाजन की मूर्ति पर माल्यार्पण किया, उसके बाद सभी पदाधिकारीगण एवं कार्यकारिणी तथा समाज बंधुओ पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी, अध्यक्ष पी माली ने महाजन साहब आदर्शो पर चलने आव्हान किया, विट्टलराव माली जो कि महाजन साहब के भांजे है, इन्होने महाजन साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला, फूलमाली क्षेत्र भोपाल की महिला अध्यक्ष श्रीमती शांति माली, उपाध्यक्ष डॉ प्रेमलता सैनी, महासचिव हरिसिंह सैनी, राजेंद्र अम्बाडकर, डॉ छाया सैनी आदि ने भी अपने अपने विचार रखे, इस अवसर पर राम महाजन पिछड़ा वर्ग सम्मान से श्रीमती ममता सेठी, पत्रकार गौरीशंकर चौरसिया, पत्रकार गुरु अमृत, पत्रकार तथा कुमारी भावना पुष्पद को प्रतिक चिन्ह व उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम मे रामचरण माने, दिनेश सैनी महसचिव, जगदीश सोलंकी, तीरथराम नागफासे, ग्यारसीबाई, मुनियाबाई, रूपबाई, सुखदेव कश्यप, कृष्ण गोपाल कश्यप, प्यारेलाल माली, मधुकर अम्बाडकर आदि उपस्थित रहे।

# जिंदगी के हर निर्माण में, मेहनत ही असली नींव है - बिल्डर नरपत सांखला



जोधपुर के नरपतसिंह सांखला की जीवन यात्रा संघर्ष, मेहनत और समर्पण से भरी एक प्रेरणादायक कहानी है। एक साधारण परिवार में जन्मे नरपतसिंह ने अपने जीवन की शुरूआत सीमित संसाधनों के साथ की थी। उन्होने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से अपने जीवन को बदलने का निर्णय लिया।

आरंभिक दिनों में उन्हे अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होने कभी हर नही मानी। अपनी कड़ी मेहनत, समर्पण और अनुशासन के बल पर उन्होने निर्माण के क्षेत्र के कदम रखा और धीरे-धीरे अपनी अलग पहचान बनाई। उनकी लगन और ईमानदारी ने उन्हे इस क्षेत्र में नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया, और आज वे निर्माण उद्योग के एक प्रतिष्ठित नाम है। नरपत सिंह की सफलता की कहानी इस बात का प्रमाण है कि किसी भी क्षेत्र में सफलता पाने के लिए संघर्ष, मेहनत और समर्पण अत्यंत आवश्यक हैं। उनका जीवन हमें यह सीख देता है कि चाहे परिस्थितियाँ कितनी भी कठिन क्यो न हों, अगर हम अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें और लगातार प्रयास करते रहें, तो सफलता निश्चित रूप से हमारे कदम चुमेगी। नरपतसिंह सांखला की कहानी उन सभी लोगों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है जो अपने जीवन मे कुछ बड़ा हासिल करना चाहते हैं।

**शुरूआत:** नरपत सिंह सांखला ने अपनी यात्रा सब्जी की दुकान पर काम करते हुए शुरू की थी। महज 13 साल की उम्र में उन्होने काम करना शुरू कर दिया था। कभी किराणे की दुकान, कभी सब्जी की दुकान पर काम करा। 1990 में, जब उन्होने मजदूर के रूप में काम करना शुरू किया। अपनी किशोरावस्था में ही जिम्मेदारियों का बोझ उठाने हुए उन्होने यह तय कर लिया था कि अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए उन्हे कठिन परिश्रम करना होगा। उनकी मेहनत और दृढ़ता ने उन्हे लगातार आगे बढ़ाया। 1998 में, नरपत सिंह ने निर्माण के क्षेत्र में अपना पहला कदम रखा और अपना पहला कॉन्ट्रैक्ट लिया, जो कि एक बाउंड्री वाला बनाने का था। यह उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण मोड़ था, जहाँ से उन्होने अपनी लगन और कड़ी मेहनत से निर्माण उद्योग में एक प्रतिष्ठित नाम बनाने की यात्रा शुरू की। साधारण शुरूआत के बावजूद, उन्होने अपने समर्पण, मेहनत और अनुशासन के बल पर निर्माण के क्षेत्र में सफलता की नई ऊँचाइयों को छुआ।

सन् 2000 में, नरपत सिंह सांखला ने अपनी पहली मल्टी-स्टोरी बिल्डिंग का निर्माण किया, जो उनकी कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता का परिणाम था। इस उपलब्धि ने उन्हे न केवल निर्माण के क्षेत्र मे एक नई पहचान दिलाई, बल्कि उनकी क्षमता और कौशल को भी स्थापित किया। इसके बाद उन्होने दिल्ली, जयपुर, जोधपुर, गाजियाबाद, हरिद्वार, सुमेरपुर, पाली और जैन जैसे शहरों में कई प्रतिष्ठित बिल्डिंग का निर्माण किया। आज तक नरपत सिंह ने 80 से अधिक बिल्डिंग्स का निर्माण किया है, और उनकी हर परियोजना में गुणवतत्ता और ईमानदारी की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

**सामाजिक योगदान:** नरपत सिंह सांखला समाजसेवा में भी सक्रिय हैं। उन्होने कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं जैसे कि हरिद्वार मे माली समाज धर्मशाला, श्री श्री रविशंकर ब्लड बैंक, हॉस्पिटल जाडन, और सुमेर स्कुल महामंदिर जैसी जगहों का निर्माण भी किया है। आप भामाशाह के रूप में जाने जाते है।

**परिवार और पारिवारिक पृष्टभूमि:** नरपत सिंह सांखला का परिवार एक समृद्ध सांस्कृतिक और मेहनतकश पृष्ठभूमि से आता हैं। उनके दादाजी मथानिया से जोधपुर आकर बसे थे और उन्होने घर की सभी जिम्मेदारियों को बखूवी निभाया। उनका जीवन संघर्ष और परिश्रम का प्रतीक रहा, जो परिवार के बाकी सदस्यो के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना। नरपत सिंह ने अपने परिवार की इस परंपरा को आगे बढ़ाया और अपने बच्चों के लिए बेहतर भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया। आज उनके बेटे, राहुल सांखला, लंदन में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

**वर्तमान और आगामी प्रोजेक्ट्स:** सांखला बिल्डर्स का वर्तमान प्रोजेक्ट ''आरएसआर वन'' एम्स के पास स्थित है और यह निर्माण क्षेत्र के उनकी उत्कृष्टता और गुणवत्ता का एक और प्रमाण है। इस प्रोजेक्ट है। इस प्रोजेक्ट में उन्होने आधुनिक वास्तुकला और उनका सुवधिाओं का समावेश किया है, जिससे यह प्रोजेक्ट ग्राहकों के बीच काफी लोकप्रिय हो रहा हैं।

आगामी प्रोजेक्ट्स की बात करें तो वे '' चैतन्य'' और '' संस्कृति'' नामक लक्जरी फ्लैट्स पर काम कर रहे हैं, जो एम्स के पास ही स्थित है। इन प्रोजेक्ट में 2, 2.5, 3, और 4 बीएचके अपार्टमेन्ट्स शामिल होंगे, जो उच्चतम गुणवता, आधुनिक सुविधाओं और बेहतरीन डिजाइन का मिश्रण होंगे। इन नए प्रोजेक्ट के माध्यम से नरपत सिंह सांखला का उदेश्य है कि वे अपने ग्राहकों को एक शानदार और आरामदायक जीवन शैली प्रदान कर सकें, और साथ ही निर्माण के क्षेत्र में अपनी प्रतिष्ठा को और भी मजबूती से स्थापित कर सकें।

**विजन और भविष्य:** नरपत सिंह सांखला का विजन जोधपुर में लक्जरी अपार्टमेंट फ्लैट्स की अवधारणा को साकार करना है। उनका उदेश्य है कि जोधपुर में रह रहे लोग भी महानगरों जैसी उच्च-स्तरीय शैली का अनुभव कर सकें। वे यह सुनिश्चित करना चाहतें हैं कि उनके द्वारा निर्मित अपार्टमेंट्स में रहने वाले ग्राहकों को उनकी उम्मीदों के अनुरूप सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता मिले।

उनका यह मानना है कि प्रत्येक ग्राहक अपने घर के लिए जो कीमत चुकाता है, वह न केवल एक संरचना के लिए होती है, बल्कि उस घर में मिलने वाले अनुभव, सुविधा और आराम के लिए होती है। इसी सोच को ध्यान में रखते हुए, वे अपने सभी प्रोजेक्ट्स में उच्चतम गुणवत्ता, नवीनतम डिजाइन्स और अत्याधुनिक सुवधिाओं का समावेश करने का प्रयास करते हैं। उनके इस विजन और समर्पण का उदेश्य है कि वे अपने ग्राहको को न केवल एक घर,बल्कि एक बेहतर जीवन शैली प्रदान करें, जो उनके सपनों अनुरूप हो।







## 68 वीं जिलास्तरीय-14 क्रिकेट टूर्नामेंअ में रिकॉर्ड, 13 छक्कों और 6 चौकों की ताबड़तोड़ पारी



# जोधपुर के वंश ने 20 गेंदो पर जड़ा शतक, रिद्धिमान साहा के रिकॉर्ड की बराबरी, उनसे 1 रन अधिक बनाए

जोधपुर के 13 वर्षीय वंश गहलोत ने क्रिकेट की रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करवाया है। 68 वीं जिला स्तरीय स्कूली अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में उसने 13 छक्के, 6 चौके और 1 सिंगल लेकर कुल 103 रन बनाए। हर स्तर के क्रिकेट मे ये रिद्धिमान साहा के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी है। हालांकि कुल रन के मामले में उनसे भी 1 रन अधिक है। भारतीय विकेटकीपर बैट्समैन साहा ने 6 साल पहले स्थानीय जेसी मुखर्जी ट्रॉफी मे टी-20 मैच में 20 गेंदों में शतक जड़ दिया था। साहा ने 102 रन बनाए। जबकी वंश के 103 रन हैं।

वंश ने ये रिकॉर्ड मंगलवार को एंजल अकादमी के ग्रांउड पर अपनी स्कूल एसेंट सीनियर सैकंडरी, चौहाबो सेक्टर-21 की ओर से राउप्रा नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय सूरसागर के खिलाफ खेलते हुए बनाया। निर्धारित साथ ओपनर आयुष्मान विश्नोई ने भी शानदार बल्लेबाजी करते हुए 14 गेंदों में 7 चौकों व 1 छक्के की बदौलत नाबाद 42 रन की पारी खेली। 166 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राउप्रावि सुभाषचंद्र बोस की टीम महज 17 रन में ढेर हो गई।

**हर लेवल के क्रिकेट में तेज शतक के कुछ रिकॉर्ड ये भी:** नवंबर 1931 में एक द्वितीय श्रेणी मैच मे ब्रैडमैन ने ब्लैकहीथ के लिए लिथगो के खिलाफ तीन ओवर में 22 गेंदो पर 100 रन बनाए।

-टी20 इंटीलेशनल क्रिकेट मे सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड एस्टोनिया के बल्लेबाज साहिल चौहान के नाम है। उन्होने साइप्रस के खिलाफ सिर्फ 27 गेंदों पर शतक लगाया था।

-वेस्टइंडीज के क्रिस गेल ने आईपीएल 2013 में पूणे के खिलाफ 30 गेंदो पर शतक मारा था

-नामोबिया के जान निकोल ने इसी साल 28 फरवरी को नेपाल के खिलाफ 33 गेंदों पर शतक मारा।

-इससे पहले नेपाल के ही कुशल मल्ला ने पिछले साल मंगोलिया के खिलाफ 34 गेंदों पर शतक मारा था।

# बालेसर नगरपालिका चेयरमेन का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित, शेरगढ़ विधायक की मौजूदगी में नवनियुक्त चेयरमेन को करवाया पदभार ग्रहण

बालेसर। बालेसर नगरपालिका के नवनियुक्त चेयरमैन भवंरलाल सांखला का शपथ ग्रहण समारोह शेरगढ़ विधायक बाबूसिंह राठौड के मुख्य आतिथ्य में नगर पालिका परिसर में आयोजित हुआ। जहां पर उनको नियुक्ति पत्र सुर्पद करते हुए पद एंव गोपनियता की शपथ दिलवा पदभार ग्रहण करवाया। सोमवार को सांय के समय नगर पालिका बालेसर के परिसर में आयोजित हुऐ शपथ ग्रहण समारोह में नवनियुक्त नगर पालिका अध्यक्ष भवंरलाल सांखला का शेरगढ़ विधायक बाबूसिंह राठौड ने नियुक्ति पत्र सुर्पद करते हुऐ साफा, माला पहनाकर मुंह मीठा करवा कर स्वागत किया। इसके बाद नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी सुरेन्द्रसिंह भाटी की मौजूदगी में उनको नपा अध्यक्ष की पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई गयी एवं नगर पालिका अध्यक्ष के चेम्बर में ले जाकर कुर्सी पर बिठाया। इस मौके विधायक राठौड़ ने नवनियुक्त अध्यक्ष सांखला को बधाई देते हुऐ कहा कि उनकी अनुंशषा से स्वायत्त शासन विभाग ने नपा चेयरमैन के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। केन्द्र एंव राज्य में भाजपा की सरकार है। नगरपालिका को बजट आवंटन करवा कर क्षेत्र का विकास करवाने का भरसक प्रयास किया जायेगा। उन्होने बताया की नगरपालिका के द्वारा बालेसर में सीवरेज लाईन बिछाना, बालेसर कॉलेज के पास बड़ा सार्वजनिक पार्क बनाना, 1 नगरपालिका का खुद का 10 बीघा भूमि में आलीशान भवन बनाना सहित कई प्रकार के विकास कार्यो के प्रस्ताव तैयार करवा कर सरकार से स्वीकृत करवाकर विकास कार्य करवाये जायेगें।



इस मौके पूर्व प्रधान भवंरसिंह इंदा, मूलसिंह इंदा, पूर्व एसएमई गायड़सिंह संयोजक रूपसिंह इंदा, केप्टन अमरसिंह इंदा, कई सरपंच तिलोकसिंह इंदा, कनिष्ठ अभियंता जगदीशराम सुथार, प.स.सदस्य कुन्दनसिंह इंदा, चुतरसिं इंदा, पूर्व सैनिक जबरसिंह इंदा, पूर्व मंडल अध्यक्ष जबरसिंह इंदा, पेंपसिंह इंदा, बब्लू सांखला, देवनगर सरपंच बजरंग शर्मा, पूर्व सरपंच बाबुराम सोलंकी, चेनाराम सांखला, टीकम सांखला, शेखर जैन, बीरम शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

### सैनी महासभा की बैठक आयोजित

# सैनी महासभा का शपथ समारोह व परिचय सम्मेलन 29 सितंबर को आयोजित

कोटपूतली। सैनी महासभा कार्यकारिणी की बैठक जिला अध्यक्ष बबलू बबेरवाल कि अध्यक्षता सैनी धर्मशाला से आयोजित। सैनी महासभा जिला कोटपूतली-बहरोड के द्वारा मीरा मैरिज गार्डन अलवर बाईपास रोड़ सैनी महासभा जिला का शपथ समारोह व चतुर्थ परिचय सम्मेलन बानसूर में सुबह 11 बजे से होगा।

कोटपूतली में होने जा रहा है पंचम सामूहिक विवाह सम्मेलन, 12 नवंबर 2024 देवउठनी एकादशी पर उसका चतुर्थ परिचय सम्मेलन के लिए सामाजिक चर्चा के लिए जो भी बंधु समाज हित के लिए किसी भी रूप में जुड़कर काम कर रहे हैं आप सभी आमंत्रित हैं अपने विचार विमर्श के लिए। जिसमे मुख्य अतिथि राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद गहलोत राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा जयपुर, प्रदेश महिला अध्यक्ष गीता सोलकी, संगठन महांमत्री भवानी शंकर माली, युवा प्रदेश अध्यक्ष डॉ अशोक सैनी खेतडी, सुनील सैनी प्रवक्ता, बहादुर सिंह कोषाध्यक्ष, शीला सैनी, ललिता सजीव महारवाल, युवा जिला अध्यक्ष पत्रकार बिल्लुराम सैनी, सैनी समाज बानसुर अध्यक्ष सुरेश



चंद सैनी, पूर्व सरपंच हरसौरा रामनिवास, उप सरपंच हाजीपुर गोकुल सैनी, नारायणपुर अध्यक्ष पप्पूराम सैनी, बडोद अध्यक्ष महावीर सैनी, पावटा अध्यक्ष राम सिंह सैनी, विराट नगर रामेश्वर सैनी, मैड मुंशी सैनी, बहरोड़ पवन सैनी, माढ़न राकेश सैनी, रामपुर मोहन सैनी कुलदीप सैनी बानसूर आदि कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर संजयकुमार सैनी, संरक्षक रामरतन सैनी, उपाध्यक्ष रामोतार सैनी, रामस्वरूप सैनी, तहसील अध्यक्ष सुभाष जमालपुरिया, गंगाराम सैनी, मोनू सैनी रामजीलाल सैनी, संजय दहिया, सुगन सैनी देसराज सैनी, आदि सैनी समाज के मौजूद रहे।

# बाबा रामदेव दशमी पर अमरपुरा में हुआ विशेष अभिषेक

अमरपुरा। जोधपुर से आए श्रद्धालुओं ने किया सामूहिक पूजन अमरपुरा संस्थान के पदाधिकारियों ने किया स्वागत लोक देवता बाबा रामदेव दशमी पर जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गांव अमरपुरा धाम में विशेष रूप से अभिषेक किया गया। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत उपस्थित थे।

इस अवसर पर जोधपुर से आए श्रद्धालुओं ने मंदिर शिखर पर ध्वजारोहण किया तथा बाबा रामदेव को विशेष नवीन पोशाक विधि विधान से धारण करवाई। संस्थान के महासचिव राधाकिशन तंवर ने इस अवसर पर जोधपुर से आए यात्रियों का अभिनंदन किया गया।

विधि विधान कार्यक्रम सूर्यकांत त्रिपाठी के मार्गदर्शन में





जयन्त सांखला, अक्षय सिंह टाक, मनीष गहलोत व भारत सिंह भाटी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सैनिक क्षत्रिय माली संस्थान नागौर के उपाध्यक्ष देवकिशन सोलंकी, बालकिशन, मोहन सिंह भाटी, हंसराज टाक के साथ-साथ जसवंताबाद जसनगर के तेजाराम बाना, जीवणराम व रामनिवास बाना तथा अमरपुरा संस्थान के कोषाध्यक्ष कमल भाटी व कार्यकारिणी सदस्य धर्मेंद्र सोलंकी भी उपस्थित रहे।

# 13 वां गणेश चतुर्थी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

बेंगलुरु। माली (सैनी) समाज बंशनकट्रस्ट बेंगलुरु के तत्वावधान में 13वां गणेश चतुर्थी महोत्सव तातगुणी स्थित समाज भवन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया,कार्यक्रम में प्रथम दिन सत्संग, पूजा, आरती एवं चढ़ावो की बोलियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भजन गायक अशोक प्रजापत एवं आर.जे. रामसा ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति प्रदान की, नृत्य कलाकार डॉली मेवाड़ा ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया । दूसरे दिन स्वागत समारोह एवं महाप्रसादी का आयोजन किया, कार्यक्रम में समाज के संस्थापक दलाराम सांखला, सभापति देवाराम पँवार, अध्यक्ष सोहनलाल सांखला, उपाध्यक्ष महेंद्र सांखला, मंत्री खुमाराम पँवार, सह मंत्री कानाराम गहलोत, कोषाध्यक्ष प्रकाश चौहान, सह कोषाध्यक्ष रमेश सांखला,सलाहकार भगवान गहलोत, संचार मंत्री बाबूलाल भाटी सहित समाज के वरिष्ठ बन्धु उपस्थित रहे । कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रवादी उद्घोषक राजू माली ने किया ।



# शाकुंभ यूनिवर्सिटी में प्रथम स्थान प्राप्त कर सिल्की सैनी ने गांव व जिले का नाम रोशन किया





सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के गांव मियानकी की रहने वाली सिल्की सैनी पुत्री सोमपाल सैनी ने भायला पी कॉलेज से एम एस सी की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर शाकुंभ यूनिवर्सिटी में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया सिल्की सैनी को पढ़ाई में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए राष्ट्रपति के द्वारा भी सम्मानित किया गया और घर पर खुशियां बांटने के लिए लगातार मेहमानों का आना-जाना लग रहा है।

रविवार को ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ओमपाल सैनी की अगुवाई में पूटीम ने सिल्की सैनी तथा उसके माता-पिता को बधाई देने के लिए उनकी पुत्री को शॉल उढ़ाकर तथा फूलों का गुलदस्ता देकर आगे पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया। प्रदेश अध्यक्ष ओमपाल सैनी ने कहा कि सगंठन की तरफ से आपको जो सहयोग पढ़ाई के लिए चाहिए वह सहयोग आपको दिया जाएगा इस दौरान उनके माता-पिता ने बताया कि हमारी बच्ची दिन में घर में घर का काम करती थी और रात के समय में मेहनत करके पढ़ाई करती थी जो इसको यह फल मिला है सम्मान कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं ने सिल्की सैनी के उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि यह गौरव की बात है कि हमारी बच्ची ने शाकुंभ यूनिवर्सिटी टॉप कर गांव ही नही जिला सहारनपुर का नाम भी रोशन किया है भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन की महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋतु सैनी ने कहा कि नारी शक्ति पढ़ाई करके घर-परिवार तथा समाज और देश का नाम रोशन करती है और अपने देश की संस्कृति को नई पीढ़ी के लिए उपहार में देती है जिससे सृष्टि का निर्माण होता है इस दौरान ग्राम प्रधान पवन सिंह गोपाल सैनी तथा सिल्की सैनी की माता सुमन देवी और पिता सोमपाल ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विक्रम सिंह सैनी व प्रदेश अध्यक्ष ओमपाल सैनी, व कोषाध्यक्ष नैनसिंह सैनी, प्रदेश संगठन मंत्री ऋतु सैनी, कौशल सैनी, सुनीता सैनी सहारनपुर जिला अध्यक्ष मास्टर ऋषिपाल सैनी, जिला उपाध्यक्ष पूर्व प्रधान कर्मसिंह सैनी, महिला जिला अध्यक्ष संदीपा सैनी, प्रदेश मीडिया प्रभाअजय सैनी, बागपत जिला के युवा अध्यक्ष गोपीचंद सैनी, देवव्रत सैनी, गोपाल सैनी, नाथीराम सैनी, संजय सैनी, श्यामवीर सैनी, मास्टर रकम सिंह सैनी आदि मौजूदा रहे।

# सैनी समाज की आम सभा संपन्न,

## सामुहिक विवाह सम्मेलन की आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत



चौमूं। माली समाज अध्यक्ष घीसालाल सैनी की अध्यक्षता में सैनी (माली) समाज सभा भवन रींगस रोड़ बस स्टैंड चौमूं में आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें माली समाज विकास समिति चौमूं के तत्वाधान में 17 अप्रैल 2024 को संपन्न हुए 25 जोड़ों के सामूहिक विवाह सम्मेलन के आय-व्यय का ब्यौरा संयुक्त मंत्री जयनारायण चांदोलिया ने आमसभा में प्रस्तुत किया। जिसका उपस्थित समाज बन्धुओं ने सर्वसम्मति से अनुमोदन किया। सभा में नये सदस्य बनाने के लिए सदस्या अभियान चलाकर 31 दिसंबर 2024 तक सदस्य बनने की जानकादी। आमसभा में कन्हैयालाल पापटवान महांमत्री, गणेश नारायण बैनाडिया उपाध्यक्ष, सूरजमल ठेकेदार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राधेश्याम माली पूर्व अध्यक्ष, दिनेश कुमार तिगरिया पूर्व अध्यक्ष, रामचन्द्र तूंदवाल, हीरालाल पांच्या, मदनलाल सतरावला, प्रभुदयाल रांई सहकोषाध्यक्ष, रामचंद्र फड़या, राजकुमार सैनी ईटावा, नानूराम सैनी पूर्व चेयरमैन, डॉ.मान प्रकाश तंवर, नछूं लाल बिशनालिया भवन निर्माण अध्यक्ष, दानाराम तंवर, कैलाश चंद्र पापटवाण पूर्व सरपंच, कल्याण सहाय, जगदीश प्रसाद पांच्या, छीतरमल बबेरवाल, मोहलाल चांदोलिया व उपाध्यक्ष, बाबूलाल भभेवा उपा., कजोड़मल ठेकेदार ईटावा, प्रभाती लाल तंवर, सांवरमल सैनी, नाथूराम बिशनालिया, गैंदीलाल महार कलां, रामेश्वर प्रसाद सिंगोदिया, अध्यक्ष म.फुले, प्रहलाद रांई, मोहनलाल रांई, सुरेश कुमार तंवर, मनोज सैनी, शंकरलाल तंवर, हिमांशु, सूरजमल तूंदवाल, गजानन्द सिंगोदिया सहित अन्य समाज बंधु उपस्थित रहे।

## अत्यंत दुखद शोक संदेश



माली सैनी संदेश परिवार का यह जानकर बहुत दुख हुआ की परम सम्माननीय सोहनलाल टांक का स्वर्गवास हो गया। श्री सोहनलाल जी समाज के लिए हमेशा समर्पित रहते हुए एक प्रबुद्ध समाजसेवी थे ।

उनके जाने से समाज में जो क्षति हुई है उसकी पूर्ति असंभव है । हम सभी परम पिता परमात्मा से प्रार्थना करते है कि ईश्वर उनकी दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर अपने श्री चरणों में स्थान दें और परिवारजनों को यह असीम वज्रपात सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# त्रिलोक चन्द इन्दौरा को समाज रत्न से नवाजा गया




अजमेर। माली सैनी संस्थान का नवमं प्रतिभावान मेघावी विद्यार्थी सम्मान समारोह 2024 आनन्द पैलेस, नया घर गुलाब बाड़ी को आयोजित किया गया। समारोह में समाज के 163 मेघावी विद्यार्थियो/प्रतिभाओं को सम्मानित करने के साथ ही माली (सैनी) संस्थान अजमेर द्वारा इस बार नवाचार करते हुए अजमेर माली समाज के भामाशाह, समाज सेवी, एवम व्यवसायी त्रिलोक चन्द इन्दौरा, को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिये समाज रत्न से सम्मानित कर स्पेशल अवार्ड दिया गया।

इसी प्रकार संस्थान द्वारा इस बार महात्मा ज्योतिबा फुले अवार्ड से डॉ. पुनीत टांक को तथा सावित्री बाई फुले अवार्ड से सुनेहा सत्रावला, चावण्डिया, पुष्कर को सम्मानित किया गया। अवार्ड के साथ इन दोनों प्रतिभाओ को 5100/- 5100/- रुपये प्रोत्साहन राशि नगद भी दी गई। डॉ पुनीत टांक द्वारा महर्षि दयानद सरस्वती विश्वविध्यालय से अजमेर जिले के उद्योग में गुणवता प्रबंधन के तरीकों की प्रभावशीलता व आई.आई.एम.अहमदाबाद से अलुमिनी व मेम्बेर्स ऑफ इंडियन कॉमर्स एसोसिएशन यूनिवर्सिटी में टोपर रहने पर व माँ सावित्रीबाई फुले अवार्ड विजेता नेहा सतरावाला , पुष्कर द्वारा लक्ष्य यूथ एम्प्लोई एबिलिटी स्किल्स ट्रेनिंग, राष्ट्रीय सेवा योजना, सर्व श्रेष्ट विधार्थी, जिला स्तरीय कौशल व मोडल व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा सम्मानित करने व विभिन क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने पर इन्हें उक्त अवार्ड से सैंकडों की संख्या में समाज के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अथिति राजेन्द्र गहलोत एवं त्रिलोक चन्द इन्दौरा, निरन्जन महावर, टेक्स वे कॉलेज ने उद्धबोधन में सम्मानित होने वाले मेघावी विधार्थियों/प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करते हुए सभी को हार्दिक बधाई, उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाए देतें हुए माली सैनी संस्थान, अजमेर के प्रयासों की सराहना करते हुये समाज की प्रतिभाओं को गौरवान्वित कर अग्रिम पंक्ति में लाने के लिये संस्थाना द्वारा किये जा रहें प्रयासों की प्रशंसा करतें हुए बधाई प्रेषित की।

समाज में इस तरह के प्रोत्साहान कार्यक्रम आयोजित करने हेतु समाज को जागरूक रहने के लिये आव्हान करते हुय स्वयं की ओर से समाज को हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम अध्यक्ष, अविनाश गहलोत, केबिनेट मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता विभाग, राजस्थान सरकार, द्वारा अपरिहार्य कारण से ऐनवक्त पर समारोह में नही पहुँच सकने कारण संस्थान को शुभकामना संदेश प्रेषित किया गया।

समारोह में कक्षा 10 में गोविन्द सैनी 92.5 प्रतिशत, कक्षा 12 वी विज्ञान वर्ग में कीर्ती तुनवाल 94.20, कला वर्ग में मानसी जादम 93.20, व वाणिज्य वर्ग में हर्षित सैनी 98.00 प्रतिशत व कॉलेज स्तर में मुस्कान सोलंकी ने एम.डी.एस. यूनिर्वसिटी से एम.एस.सी. गणीत गोल्ड मैडलिस्ट व एम.बी.बी. एस किये डॉ. अंजली गहलोत, डॉ. सुरभि सांखला डॉ. प्रवण कच्छावा इसी प्रकार बी.टेक ऑनर्स में इं. योजित तंवर व इं.मोहित भाटी, एम.बी.ए. सुमाली आरती पी.एच.डी.(शैक्षिणक) क्षेत्र में डॉ. संगीता भाटी, डॉ. पुनीत टांक, एम्स जोधपुर से पी.एच.डी. (कैन्सर विभाग) में डॉ आशिता गढवाल, इत्यादि ने विशेष योग्यता प्राप्त कर सम्मान समारोह मे सम्मानित होकर माली सैनी समाज अजमेर का नाम राज्य स्तर पर गौरवान्वित करने में अहम योगदान दिया।

खेलकूद क्षेत्र में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर 18 खिलाडियों ने समाज का नाम गौरन्वित करते हुये कुशाल सैनी ने इण्डो नेपाल कराटे बॉस्केटबॉल में गोल्ड मेडल व सेजल सांखला ने करांटे चैम्पीयशीप में मेडल प्राप्त कर समाज का नाम रोशन किया। इसी प्रकार नेशनल डॉज बाल में कुनाल चौहान ने मेडल हासिल कियां। 14वी राष्ट्रीय बॉलीबाल चैम्पीयशीप में अंकित सैनी ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसी प्रकार खनक चौहान ने जिम्नॉस्टिक में गोल्ड मेडलिस्ट होने का गौरव प्राप्त किया। इसी प्रकार जिम्नॉस्टिक राज्य स्तर पर जान्हवी सैनी और रॉलबॉल मे जान्हवी इन्दौरा ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसी प्रकार चौथी नेंशनल पैरा शुटींग राईफल में रविश अजमेरा ने सिल्वर व कांस्य मेडल प्राप्त किये, इसी प्रकार टीना गढवाल व रिषभ चौहान ने पॉवर लिफिटिंग में गोल्ड मेडल प्राप्त किये जाने पर इन्हें समारोह में सम्मानित किया गया।

संस्थान अध्यक्ष राजेश भाटी ने स्वागत भाषण देते हुये सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुये कार्यक्रम को सुशोभित करते हुये धन्यवाद प्रकट किया। संस्थान सचिव मुकेश कुमार अजमेरा ने सभी भामाशाहों एवं समाज सेवियों द्वारा दिये गये आर्थिक सहयोग के लिये आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.जितेन्द्र मारोठिया, डॉ.योगेन्द्र सैनी, कन्हैयालाल सांखला, विपिन कुमार सोलंकी ने किया।

इस अवसर पर कन्हैयालाल भाटी, राजकुमार गहलोत, करणसिंह बनिष्टिया, भागचन्द पंवार, हनुमान प्रसाद कच्छावा, पूनम चन्द मारोठिया, विनोद गढवाल, सीमा चौहान, पूनम तंवर, सीमा भाटी, मीनू तंवर, सपना सैनी, रींकू जादम, संतोष मौर्य आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहें।

# राजनैतिक भागीदारी के लिए सैनी समाज की चिंतन सभा का आयोजन हुआ

## वक्ता बोले समाज भाजपा का कोर वोटर, पार्टी कर रही है उपेक्षा





झुंझुनूं। राजनैतिक भागीदारी के लिए रविवार को सैनी समाज की चिंतन सभा शहर के एनएमटी बालिका कॉलेज के पास हुई। इसमें सैनी समाज प्रतिनिधियों ने दोनों पार्टियों से झुंझुनूं उपचुनाव में समाज को टिकट देने की मांग की। सभा में वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस ने उदयपुरवाटी में समाज को टिकट दिया। तो सैनी समाज ने एकजुट हो जीत दिलाई पर भाजपा सदा से अपने कोर वोटर सैनी समाज की लगातार उपेक्षा कर रही है।

जिले में सैनी समाज सभी सीटों पर निर्णायक भूमिका में है। ऐसे में तीन से चार टिकट मिलनी चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि समाज अपनी संख्या बल पर टिकट मांग रहा है। उपचुनाव में कांग्रेस व भाजपा से समाज टिकट मांगेगा। जो पार्टी समाज की उपेक्षा करेगी, उसे उपचुनाव में खमियाजा भुगतान पड़ेगा। इसके लिए फैसला टिकट वितरण के बाद होगा। भाजपा व कांग्रेस नेताओं ने समाज की मांग पार्टी नेतृत्व तक पहुंचाने की बात कही। सर्वसम्मति से संयोजक डॉ. कमलचंद सैनी को भाजपा टिकट देने की मांग की गई। सभा का उदयपुर विधायक भगवानाराम सैनी, युवा नेता संदीप सैनी, उदयपुरवाटी चेयरमैन रामनिवास सैनी, पूर्व तहसीलदार मंगलचंद सैनी, पूर्व सरपंच बुधराम सैनी, पूर्व सरपंच राजेंद्र सैनी, सैनी समाज जिलाध्यक्ष राजेश सैनी, काग्रेस नेता गोकुलचंद सैनी खेतडी, हजारीलाल सैनी सूरजगढ़, पीसीसी सचिव ताराचंद सैनी, सतीश सैनी, जगदीश सैनी, अजय सैनी, राजस्थान सैनी सभा अध्यक्ष डॉ.श्रवण सैनी, राधेश्याम सैनी, इंद्राज सैनी, चंदगीराम बगड़, राजेंद्र सैनी, पूरणमल मिटावा, पार्षद प्रदीप सैनी, पूर्व सरपंच महेन्द्र सैनी, चंद्रप्रकाश धूपिया, नरेश सैनी नागरमल सैनी, सरपंच महेन्द्र सैनी, मदन सैनी पहाड़िया, रमेश सैनी बागोरा, मोहन सैनी पौंख, पूर्व पार्षद पिंकी धूपिया, सुधा पंवार, पूर्व सरपंच रेखा सैनी, किशोर न्याय बोर्ड सदस्य निर्मला सैनी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पूजा सैनी मंचासीन थे। झुंझुनूं विधानसभा के सैनी समाज के प्रतिनिधि मौजूद थे व संचालन राघव पंवार ने किया।

# कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ विधि समारोह इंदौर मैं संपन्न हुआ




इंदौर। संयुक्त माली महासंघ इंदौर मध्य प्रदेश नवनिर्वाचित अध्यक्ष परम सम्माननीय भगवती प्रसाद माली साहब एवं 51 कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ विधि समारोह आनंद मिलन गार्डन एम.आर.10 चौराहा इंदौर मैं संपन्न हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर दादू महाराज एवं संयुक्त सैनी माली संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अलका सैनी साहब के सानिध्य में संपन्न हुआ। समारोह मैं बाहर के अतिथियों के साथ संयुक्त माली समाज की सभी शाखाओं के अध्यक्षों एवं बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे।

सर्वमोहन पटेल जावरा, कैलाश पटेल आगर मालवा, विनोद मकवाना बड़नगर, अशोक वर्मा देवास, संतोष राठौड़, प्रेम नारायण परमार, त्रिलोक कुशवाहा, अशोक वर्मा शाजापुर, श्याम सांखला नीमच, अशोक मालाकार, रामदास महाजन, कैलाश चौहान भगोरा सुरेश बरोड हरसोला एवं अन्य वरिष्ठ समाजसेवी सम्मिलित हुए। अध्यक्ष भगवती प्रसाद माली उपाध्यक्ष जगदीश सैनी, संगठन मंत्री कैलाश वर्मा महासचिव एम.डी.वर्मा, कोषाध्यक्ष चिरंजी लाल सैनी, मीडिया प्रभारी सुरेश पिपलोदिया आदि सदस्यगण उपस्थित रहें।

## हार्दिक बधाई



**श्रीमान केदारमल जी सैनी**
को उदयपुरवाटी सैनी समाज अध्यक्ष बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

## हार्दिक बधाई



समाज की युवा क्रिकेटर होनहार खिलाड़ी **सुश्री सोनम सैनी महवा** दौसा अंडर-19 राजस्थान क्रिकेट महिला टीम की कप्तान बनाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

## समाज गौरव



**श्री देवाराम जी सैनी RAS**
पूर्व विशेष अधिकारी अशोक गहलोत को IAS में पदोन्नति होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ।

## हार्दिक बधाई




समाज की होनहार बिटिया **सुश्री प्रवीणा सोलंकी** के कृषि यूनिवर्सिटी से Horticulture Science में Ph-D Doctorate (M,DV) की डिग्री हासिल करने पर हार्दिक बधाई एवं उज्जवलतम भविष्य की शुभकामनाएं।

## हार्दिक बधाई



श्री सालासर बालाजी उच्च माध्यमिक विद्यालय लाम्बिया की छात्रा **साक्षी सैनी पुत्री श्री पांचाराम राम जी** सैनी कांवलिया खुर्द की 17 वर्षीय कब्बडी में नेशनल स्तर पर चयन होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

## पेरा ओलंपिक में शौर्य सैनी ने जीता सिल्वर



समाज के युवा श्री **"शौर्य सैनी"** ने जर्मनी में आयोजित पेरा ओलंपिक में दूसरी बार राइफल शूटिंग में सिल्वर मेडल जीतकर देश के साथ ही समाज एवं माता पिता का नाम गौरवान्वित किया है।

हम शौर्य सैनी की इस महान उपलब्धि पर बधाई देने के साथ बारंबार अभिनंदन करते है जिन्होंने दिव्यांगता के बावजूद हार नहीं मान अनेकों अनेक सफलताएं प्राप्त की है।

## हार्दिक बधाई



सरपंच संघ के अध्यक्ष सरपंच तिंवरी
**Achal Singh Gehlot Tinwari**
को नगर पालिका के प्रथम नगर पालिका तिंवरी के अध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई शुभकामनाए।।

## हार्दिक बधाई



दर्शील सांखला पुत्र समाज सेवी सभी के प्रिय **पंकज सांखला,** जोधपुर का अंडर 14 Team क्रिकेट टूर्नामेंट में स्टेट खेलने हेतु सिलेक्शन हुआ है। दर्शील एक होनहार खिलाड़ी है और हमें विश्वास है वो अवश्य ही सफलता के नए आयाम स्थापित करेगा। दर्शील को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

## हार्दिक बधाई



**IAS श्री डॉ. महेंद्र जी खड़गावत**
को ब्यावर जिले का कलेक्टर बनाएं जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

## हार्दिक बधाई



इंडोनेशिया में आयोजित पेरा बैडमिंटन प्रतियोगिता में दिव्यांग **सुश्री कोशिका देवड़ा** ने फिर लहराया भारत का परचम और जीता ठतवदरम मेडल।

कोशिका ने इसे पूर्व भी अनेकों राष्ट्रीय अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में परिवार, समाज और देश को गौरवान्वित किया है।

हम कोशिका की उपलब्धि पर हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है।

**हमारी बेटियां, किसी से कम नहीं**

## हार्दिक बधाई



युवा खिलाड़ी **शिवम कुशवाह** झांसी निवासी ने यूथ ओलंपिक अर्जेंटीना में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीत कर माता पिता, समाज के साथ देश को गौरवान्वित किया। देश के **PM** ने शिवम की इस उपलब्धि पर मिल कर बधाई प्रेषित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# हमारा समाज सुदृढ़ समाज

# अखिल भारतीय माली समाज संस्थान (रजि) ट्रस्ट
# जोधपुर भवन धर्मशाला, हरिद्वार

माली संस्थान, रामबाग कागा रोड़, जोधपुर (राज.)

## चुनाव सूचना 2024

अखिल भारतीय माली समाज संस्थान (रजि.) ट्रस्ट, जोधपुर की कार्यकारिणी के 21 ट्रस्टी सदस्यों व पदाधिकारियों का पंचवर्षिय चुनाव कार्यक्रम निम्न प्रकार है-(2024-2029)

1.दिनांक 10-10-24 सायं 5 बजे तक सभी आजीवन व साधरण सदस्यों का जिनका शुल्क जमा होता है वो ही मतदान व चुनाव ट्रस्टी हेतु पात्रता रखेंगे। सभी स्वर्गवासी आजीवन सदस्यों की सूचना मयसाक्ष्य 10-10-24 तक कार्यलय मे अवश्य दे दें।

2.मनोनयन फार्म दिनांक 25-10-24 से 26-10-24 तक प्रातः 12 बजे से सांय 4 बजे तक उपलब्ध होंगे।

3.मनोनयन फार्म दिनांक 27-10-24 को 12 बजे से सांय 5 बजे तक जमा होंगे।

4.मनोनयन फार्म की जांच 28-10-24 को होगी।

5.मनोनयन फार्म नाम वापसी 29-10-24 के 1 बजे से 5 बजे तक होगा।

6. चुनाव चिन्ह आंवटन 30-10-24 को 12 बजे से व अन्तिम सूची मय चुनाव चिन्ह सांय 5 बजे जारी होगी।

7.मतदान (यदि आवश्यक हुआ तो ) दिनांक 17-11-24 रविवार प्रातः 9 बजे से सांय 5 बजे तक होगा।

8.चुनाव परिणाम दिनांक 17-11-24 को चुनाव समाप्ति व मतगणना पश्चात घोषित होंगे।

9.शपथ ग्रहण समारोह व पदाधिकारियों के चुनाव दिनांक 19-11-24 प्रातः 10 बजे संस्थान मुख्यालय पर होंगे।

10.मनोनयन पत्र, मतदाता सूची सहित प्रति सेट का मूल्य 5100 रुपये ( पाँच हजार एक सौ मात्र ) चुनाव स्थान श्री सुमेर उच्च माध्यमिक विद्यालय, महामन्दिर चौराह, जोधपुर के प्रांगण में (सभी वाहन पार्किंग रामबाग में )

11.उक्त चुनाव में ट्रस्टी पद के उम्मीदवार को मनोनयन फार्म जमा करवाते समय जमानत राशि के रूप में 21000 (इक्कीस हजार रुपये मात्र) रोकड या बैंक ड्राफ्ट द्वारा जमा करवाना होगा।

संस्थान के सभी आजीवन/साधारण सदस्यों को सूचित किया जाता है कि उक्त मतदान में अपने मताधिकार का उपयोग कर 21 ट्रस्टी सदस्यों को चुनने के लिए अधिकतम 21 मत का उपयोग करें। त्वरित व तुरन्त मतदान दिनांक 17-11-24 (यदि आवश्यक हुआ तो ) हेतु संस्थान द्वारा जारी परिचय पत्र अनिवार्य रूप से साथ लायें। सभी मतदाताओं व स्वजाति बंधुओं से अनुरोध दिनांक 20-11-24 को ट्रस्टी व पदाधिकारियों के चुनाव सम्मान समारोह हेतू संस्थान मुख्यालय पर आप सपरिवार सादर आमंत्रित है।

( मुख्य चुनाव अधिकारी )
अखिल भारतीय माली समाज संस्थान (रजि) ट्रस्ट जोधपुर





## ब्लॉक स्तर पर शिक्षक सम्मान पुरस्कार


जोधपुर। ब्लॉक स्तर पर शिक्षक सम्मान पुरस्कार से सम्मानित होने पर पैतृक गांव पीपाड़ सिटी पहुंचने पर गोबर सिंह कच्छावाह डायरेक्टर शांति बाल उच्च माध्यमिक विद्यालय पीपाड़ सिटी, पीपाड़ सिटी के संस्कृत के बादशाह असिस्टेंट प्रोफेसर संदीप कच्छावाह, अग्रज और प्रेरक प्रधानाचार्य रामकिशोर गहलोत, कर्तव्यनिष्ट सम्पत टाक रिसोर्स पर्सन ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पीपाड़ सिटी, युवा प्रधानाचार्य किशन टाक, RES जितेंद्र सिंह कच्छावाह, वरिष्ठ अध्यापक सोहनलाल, वरिष्ठ अध्यापक महेंद्र टाक, अध्यापक पप्पू राम सांखला तथा कृष्णा बैटरी के डायरेक्टर रामपाल टाक द्वारा मेरे को अपने दिल में जगह दी और मेरा सम्मान किया है मैं इस सम्मान को हमेशा अपने हृदय और स्मृति पटल में हमेशा रखूंगा।

# माली सैनी सन्देश




## ही क्यों ? क्योंकि, हमारे पास है सेकड़ों एन.आर. आई. सहित 5 हजार पाठकों का विशाल परिवार

### घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

दिनांक ____________

### सदस्यता फॉर्म

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामिण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियों आपको विगत 15 वर्षो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गो में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जा रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब–साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई–पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है।

हमारी वेबसाईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है। आप हमें पे–टी.एम. से मोबाईल नंबर 9414475464 पर भी सदस्यता शुल्क भेज पत्रिका प्राप्त कर सकते है।

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

नाम/संस्था का नाम ____________

पता ____________

फोन /मोबाईल ____________ ई-मेल ____________

ग्राम ____________ पोस्ट ____________ तहसील ____________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि (रुपये) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ (डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें)

**अत: मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।**

दिनांक ____________ हस्ताक्षर

होटल सिटी पैलेस के पीछे, नई सड़क, जोधपुर - 01 मो. 77379 54550 ( रजि. कार्यालय )

Mobile : 94144 75464 Visit us at : www.malisainisandesh.com
www.malisaini.org. E-mail :malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org

**हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।**

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि
हमारी क्रियेटिव टीम के साथ
यह सजाती है आपके ब्राण्ड को पूरे
देश ही नहीं विदेशों में भी

### RATES

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 10,000/- |
| Inside Cover | 5,000/- |

INNER COLOR

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

Cell : 94144 75464

log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

रजि. कार्यालय : होटल सिटी पैलेस के पीछे, नई सड़क, जोधपुर - 01
मो. 77379 54550 ( कार्यालय )

# विनम्र श्रद्धांजलि





**स्वर्गीय श्री रेंवतरामजी सांखला**


चेयरमेन नगर पालिका, बालेसर
स्वर्गवास दिनांक 31 अगस्त 2024

**स्वर्गीय श्री सोहनलाल टाक**

पाली जिला माली सैनी संस्थान के जिलाध्यक्ष
एवं भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष

**के निधन पर**
**माली सैनी सन्देश परिवार**
**विनम्र श्रद्धासुमन अर्पित करता है**

प्रेषण तिथि : 29/30 सितबंर, 2024
समाचार पत्रिका पंयन सं. : RAJHIN/2013/60831
मुद्रण तिथि : 28 सितबंर , 2024
Postal Regd No. Jodhpur/496/2024-26
प्रेषण स्थान : RMS जोधपुर




स्वत्वाधिकारी संपादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक
मनीष गहलोत के लिए भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस
सेक्टर-7, जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर (राजस्थान) से प्रकाशित
फोन : 9414475464
ई-मेल - malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR